महत्वपूर्ण एवं खास

युवक का अपहरण, पुलिस खोजबीन में जुटी

कोरबा । कोरबा में रहने वाले एक युवक का जांजगीर जिले में अपहरण कर लिया गया है। देर शाम युवक की पत्नी और उसका भाई दोनों ने थाना पहुंचकर पुलिस को इस बात की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हो चुकी है और मोबाइल लोकेशन के आधार पर बिलासपुर की ओर युवक की तलाश में निकल पड़ी है। बताया जा रहा है कि युवक कोरबा के ग्राम जिल्गा बरपाली का निवासी है। जानकारी के अनुसार जांजगीर के चंदनिया पारा में रहने वाला युवक महेंद्र शर्मा सुबह दूध लेने घर से निकला था मगर घर नहीं लौटा जिसके काफी देर बाद युवक की पूछताछ की गई मगर पता नही चला फिर कुछ देर बाद महेंद्र की पत्नी उर्वशी शर्मा ने बताया कि उसके मोबाइल पर किसी ने काल किया था और बताया कि उसने महेंद्र को किडनैप कर लिया है और वो लोग पैसे तैयार रखें। बेटे के किडनैपिंग की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंची। मां उषा शर्मा ने बताया कि उसका बेटा महेंद्र जांजगीर के किसी एम बैंक में काम करता है। 06 महीने पहले उसकी नौकरी लगी है। उषा शर्मा ने यह भी बताया कि उसके बेटे ने 02 साल पहले लव मैरिज किया था जिसकी वजह से उसके ससुराल वाले भी नाराज चल रहे हैं कई बार धमकी भी दे चुके हैं।

शराब दुकान हटाने की मांग

कोरबा । कोयलांचल बाकी मोगरा में संचालित शराब दुकान को हटाने के लिए लोग मांग कर रहे हैं। शराब दुकान के संचालन से लोगों को कई प्रकार की परेशानी है। कहा गया है कि अगर इस दिशा में ध्यान नही दिया जाता है तो जल्द जिला कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बांकीमोंगरा में चल रही शराब दुकान को लेकर वार्ड पार्षद सूरति कुलदीप ने एतराज जताया है। वे काफी समय से इस बारे में नाराजगी जाहिर करती रही है। एक बार फिर उन्होंने इस संबंध में आबकारी विभाग के जिलाधिकारी से भेंट कर शराब दुकान हटवाने की मांग की। नजदीक में ही पोस्टऑफिस, बैंक, मंदिर के साथ-साथ नदी भी है। इन स्थानों पर आने वाले लोग हर दिन परेशान हो रहे है। कहा गया कि अगर शराब दुकान को हटाने का काम नहीं किया जाता है प्रशासनिक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कोरबा जिले में कई स्थानों पर लोगों के विरोध की वजह से शराब दुकान हटाने और उनकी जगह बदलने का काम किया गया है। पार्षद की चेतावनी को आबकारी विभाग कितनी गंभीरता से लेता हैए यह अधिकारियों के विवेक पर निर्भर करता है।

यूपीएससी आयोजित कम्बाईण्ड मेडिकल सर्विस परीक्षा 17 को

रायपुर (आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड मेडिकल सर्विस परीक्षा 2022 की परीक्षा 17 जुलाई को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली सबेरे 9.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित की जायेगी। परीक्षा में 496 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सु रूचि शर्मा, को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिग सेनेटाइजेशन मास्क पहनना एवं सभी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

बारिश के बाद धान की रोपाई में आई तेज़ी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो में सोमवार को दिनभर हुई वर्षा के बाद धान की रोपाई में तेजी आ गई है। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन हैं उन्होंने रोपा लगाने का काम शुरू कर दिया है। दुर्ग जिले की बात की जाए तो जिले में सोमवार को औसत 32.3 मिमी वर्षा हुई थी। कहीं रिमझिम और कहीं तेज वर्षा के बाद खेती कार्य में तेजी आ गई है। जिले में इस साल एक लाख 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान का फसल लिया जाना है। इनमें से 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की रोपाई की जानी है।

कभी गोबर से घर को पोतकर दीवारों को मजबूत बनाते थे, आज गोबर बेचकर मजबूत घर बना रहे हैं

- गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को मिल रही है खुशियां, अब पैसों की नहीं सताती है चिंता, गोबर बेच कर रहे हैं सपनों को साकार
- गोधन न्याय योजना में अब तक 283.10 करोड़ रूपए का हो चुका है भुगतान,गौठानों से जुड़ी महिला समूहों को हो चुकी 72.19 करोड़ की आय

रायपुर (आरएनएस)। बैकुण्ठपुर के भर्रा की रहने वाली मीनल का एक सपना था कि उनका खुद का एक घर हो, लेकिन ये सपना लंबे समय से सपना ही बना हुआ था। मीनल के पास पैसे नहीं थे कि वो अपने लिए घर बनाए। मीनल ने गांव में दूसरे की घरों की दीवारों को मजबूत करने के लिए अक्सर उनपर गोबर की पुताई करती थी, लेकिन आज इसी गोबर को बेचकर मीनल ने अपने लिए मजबूत घर बना लिया है। गोधन न्याय योजना की मदद से मीनल ने 140 क्विंटल गोबर बेचकर 28 हजार रूपए कमाए और गोबर से 500 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेचने से 5 लाख रूपए की आय अर्जित की। मीनल का

ये कारवां अभी थमा नहीं है और वो इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहती है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शुरू की गयी गोधन न्याय योजना की ये कहानी सिर्फ मीनल की ही नही है, छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के शुरू होने के बाद से ऐसे कई जीवंत उदाहरण सामने आए हैं जिसमें गोबर बेचकर लोगों ने अपने सपनों को साकार किया है। किसी ने गोबर बेचकर मोबाइल खरीदा, किसी ने मोटरसायकिल, किसी ने गहने तो किसी ने अपने बेटी की शादी की है।

मुख्यमंत्री के द्वारा इस योजना के शुरू करने के पीछे का उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि, पशुधन की खुली चराई में रोक लगाकर फसलों की सुरक्षा, द्विफसली क्षेत्र का विस्तार करना, जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना, भूमि की उर्वरता में सुधार करना और सुपोषण को बढ़ावा देना है।छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना पूरे देश में लोकप्रिय योजना का रूप ले चुकी है जिसकी प्रशंसा भारत सरकार ने भी की है। इस योजना से ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौ पालकों को आमदनी का अतिरिक्त जरिया मिला है।

गोधन न्याय योजना देश दुनिया की इकलौती ऐसी योजना है जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 15 जून तक खरीदे गए गोबर के एवज में गोबर बेचने वाले ग्रामीणों को 147.06 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों को अब तक 136.04 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

गौठानों में महिला समूहों द्वारा गोधन न्याय योजना के अंतर्गत क्रय गोबर से बड़े पैमाने पर वर्मी कंपोस्ट, सुपर कंपोस्ट एवं सुपर कंपोस्ट प्लस खाद का निर्माण किया जा रहा है।गौठानों में महिला स्वसहायता समूहों अन्य आयमूलक गतिविधियों का भी संचालन किया जा रहा है जिससे महिला समूहों को अब तक 72.19 करोड़ रूपए की आय हो चुकी है। राज्य में अब तक गौठानों से 13,969 महिला स्वसहायता समूह सीधे जुड़ चुके हैं जिनकी सदस्य संख्या 82,874 है।

उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 15 तक कराया जा सकता है

रायपुर (आरएनएस)। छ.ग. शासन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा कराने हेतु 15 जुलाई तक समय सीमा तय किया गया है।

उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियों का प्रकोप, कम या अधिक वर्षा की स्थिति निर्मित होना, ओला वृष्टि, चक्रवाती हवाएं आदि से उद्यानिकी फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा लागू की गई है।

खरीफ वर्ष 2022 में रायपुर जिला अन्तर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करने होंगे। खरीफ 2022 मौसम हेतु टमाटर, केला, बैंगन, मिर्च, अदरक, पपीता एवं अमरूद अधिसूचित फसल हैं। अऋणी कृषक फसल लगाने का प्रमाण पत्र, नक्शा, खसरा, आधार कार्ड अपने बैक पासबुक की छायाप्रति जिसमें आईएफएससी कोड, शाखा, खाता क्रमांक इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख हो, जमा कर बीमा करा सकते हैं।

बीमा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए बीमा कंपनी बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला स्तर पर अधिकृत संतोष कुमार (मो. नं. 91563-16735) एवं विकासखण्ड स्तर पर अधिकृत धरसींवा के लिए तुकाराम (मो. नं 9109533975) तिल्दा के लिए कुलेश्वर चौहान (मो. नं. 7987171653), आरंग के लिए विनय वर्मा (मो. नं. 7440338737) एवं अभनपुर के लिए विनोद कुमार साहू (मो. नं. 9575235113) से संपर्क किया जा सकता है।

इसी तरह उद्यान विभाग के विकासखण्ड अधिकारियो धरसींवा विकासखण्ड़ हेतु परमजीत सिंह गुरूदत्ता (मो. नं. 76940-40000), तिल्दा हेतु एन.के. सरकार (मो. नं. 94252-02821), आरंग के लिए व्ही.के. ठाकुर (62643-36541) एवं अभनपुर के लिए बी.पी. नायक (मो. नं. 62645-44933) से भी संपर्क किया जा सकता है।

उद्यान विभाग जिला रायपुर के उपसंचालक ने बताया कि बीमा कराने हेतु च्वाईस सेंटर, बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि, लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा एवं सहकारी समिति को अधिकृत संस्था बनाया गया है।

छह सिंचाई योजनाओं के लिए 15.94 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के छह सिंचाई परियोजनाओं के लिए 15 करोड़ 94 लाख 20 हजार रूपए स्वीकृत किए है।

सरगुजा जिले के विकासखण्ड-बतौली की सेदम व्यपवर्तन योजना के नहर में पक्का चैनल निर्माण के लिए दो करोड़ 11 लाख 78 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 202 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बतौली की सलियाडीह जलाशय के नहर में मिट्टी कार्य, पक्के संरचनाओं एवं पक्की चैनल निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 99 लाख 87 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 202 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

जशपुर जिले के विकासखण्ड-पत्थलगांव की तमता जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य के लिए पांच करोड़ 92 लाख 42 हजार रूपए रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 1160 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बगीचा की कोदोधारा जलाशय योजना के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 24 लाख 62 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 195 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

वार्ड क्र. 18 में हटाया गया अतिक्रमण

कोरबा । आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में वार्ड क्र. 18 डबरीपारा बस्ती में निगम अमले ने कतिपय लोगों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण केा हटा दिया तथा उन्हें कड़ी हिदायत दी कि वे पुन: अतिक्रमण का प्रयास न करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 18 डबरीपारा में बांस बल्ली लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसकी जानकारी प्राप्त होते ही निगम का अतिक्रमण दस्ता मौके पर पहुंचा तथा अतिक्रमण प्रभारी योगेश राठौर की देखरेख में बांस बल्ली को हटाकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया, संबंधितों को निगम अमले ने हिदायत दी कि वे पुन: अतिक्रमण का प्रयास न करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नए अतिक्रमण पर रखें सतर्क नजर, करें त्वरित कार्यवाही- आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्यस्थलों में अतिक्रमण पर सतर्क नजर रखें तथा जहॉ कहीं भी नया अतिक्रमण, अवैध कब्जा दिखे, उसकी तत्काल सूचना अतिक्रमण दस्ते को दें, साथ ही यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी नया अतिक्रमण न होने पाएं। उन्होने अतिक्रमण दस्ता प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण की जानकारी प्राप्त होते ही अविलंब अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही करें।

कलेक्टर झा ने नगर निगम क्षेत्र में स्थित धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण

- मेडिकल स्टोर में सस्ते दामों पर उपलब्ध जेनरिक दवाईयों की ब्रिकी बढाने दिये आवश्यक निर्देश

कोरबा । कलेक्टर संजीव झा ने आज राज्य शासन की सस्ती कीमत पर लोगों को जेनरिक दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किये गये धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कोरबा शहर के कोसाबाडी चौक और पुराना बस स्टैण्ड में स्थित धनवंतरी मेडिकल स्टोर में पहुंचकर

वहां उपलब्ध दवाईयों और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने एमआरपी के 55 प्रतिशत छूट पर प्रदान किये जा रहे जेनरिक दवाईयों के प्रति लोगों में अधिक से अधिक जागरूकता लाने के निर्देश मेडिकल स्टोर संचालकों को दिये। कलेक्टर झा ने गरीबों और जरूरतमंदों को कम कीमत पर जेनरिक दवाई उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा लागू की इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिये। दवाईयों की अधिक ब्रिकी के लिए होम डिलीवरी और आवश्यक प्रचार-प्रसार भी करने के लिए कहा। कलेक्टर झा ने कहा कि जेनरिक दवाईयों की पहुंच अधिक लोगों तक करने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों के साथ बैठक की जाएगी। साथ ही कम कीमत में उपलब्ध दवाईयों की पहुंच सभी लोगों तक करने के लिए चिकित्सकों को जेनरिक दवाईयां लिखने के लिए कहा जाएगा। कलेक्टर ने कम कीमत पर उपलब्ध जेनरिक दवाईयों को खरीदने के लिए धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स में जाने की अपील भी जिलेवासियों से की।

बंकर गिरने के मामले में डीजीएमएस कर रहा जांच

कोरबा । खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम एसईसीएल की रजगामार माइंस क्षेत्र में 24 घंटे पहले हुए हादसे की जांच में जुटी हुई है। कई बिन्दु पर उसे जांच करना है। रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में जवाबदेही तय होगी और कार्रवाई भी। मंगलवार को दोपहर 12 बजे के आसपास एसईसीएल रजगामार की 4-5 नंबर इंकलाईन में कोयला गिराने के दौरान एकाएक बंकर क्षतिग्रस्त होने के साथ नीचे खड़े हाईवा पर जा गिरा था। वहां काम कर रहे एसईसीएल के पंप खलासी

राधेश्याम साहू की दबने से मौत हो गई। जबकि अन्य लोग किसी तरह बच गए।

बताया गया कि घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को होने पर उन्होंने इस पर संज्ञान लिया। रात को ही खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारी और कर्मी रजगामार पहुंच गए थे। पहले दिन उन्होंने यहां का जायजा लिया। आज दूसरे दिन घटना स्थल पर पहुंचने के साथ यहां की स्थिति देखी। इस बारे में प्राथमिक पूछताछ भी की गई। खदानों में होने वाले हादसों के मामले में तकनीकी पक्ष क्या होते हैं, इस पर विस्तृत अध्यन करने के साथ निष्कर्ष निकालने का जिम्मा डीजीएमएस को है। इससे पहले कॉलरी मैनेजर सपन कुमार ने कहा था कि बंकर की स्थिति बेहतर नहीं थी और इस पर चिंता जताने के साथ सुधार की बात कही जा रही थी। इससे पहले की मौके पर आवश्यक काम किया जाता, अचानक घटना हो गई।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

कलेक्टर झा के निर्देश पर तत्काल हटाये गये प्रधान पाठक

- जनचौपाल में प्रधान पाठक के खिलाफ शारीरिक-मानसिक प्रताडना की मिली शिकायत पर हुई कार्यवाही,
- जन चौपाल में पांच दिव्यांगजनों को मिला मोटराईज्ड ट्रायसिकल, आने जाने में होगी आसानी
- जनचौपाल में आज 130 लोगों ने दिये आवेदन

कोरबा । जनचौपाल में प्रधान पाठक के खिलाफ शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित करने के संबंध में मिली शिकायत पर कलेक्टर संजीव झा ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही की है। कलेक्टर झा के निर्देश पर प्राथमिक शाला सुतर्रा में पदस्थ प्रधान पाठक महेत्तर लाल पटेल को मूल पदस्थापना से अन्य जनपद के प्राथमिक शाला में संलग्न किया गया है। जन चौपाल में प्रधान पाठक के खिलाफ शारीरिक और मानसिक प्रताडना के गंभीर शिकायत प्राप्त हुआ था। इस संबंध में कलेक्टर झा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा प्रधान पाठक को अन्य स्कूल में पदस्थ करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये थे। कलेक्टर के निर्देश पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर

दिये है। उन्होने बताया कि स्कूल की एक अन्य शिक्षिका के विरूद्व गंभीर शिकायत प्राप्त हुआ है। उन्हे भी दूसरे जनपद के प्राथमिक शाला में संलग्न किया गया है। आज आयोजित जनचौपाल में एडीएम विजेन्द्र पाटले, डी.एफ.ओ. कोरबा प्रियंका पाण्डेय, डीएफओ कटघोरा प्रेमलता यादव, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले वासियों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। जन चौपाल में 130 लोगों ने कलेक्टर झा को अपनी समस्याओं-सुझावों से अवगत कराया। कलेक्टर झा ने संवेदनशीलता के साथ पहल करके नागरिकों की मदद करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने पात्रतानुसार सभी जरूरतमंदो की सहायता कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। मेधावी छात्रा को मेडिकल कोचिंग के लिए मिलेगी सहायता, कलेक्टर झा ने दिये निर्देश-जन चौपाल में आज ग्राम रलिया निवासी सुन्दर लाल खुंटे ने अपनी मेधावी पुत्री को मेडिकल कोचिंग दिलाने में सहायता प्रदान करने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उन्होने बच्ची की पढाई के लिए जिला प्रशासन से मदद मांगी।